तत्काल

राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(अनुभाग–3, महात्मा गांधी नरेगा) शासन सचिवालय, जयपुर

क्रमांकः–एफ 10(6)ग्रावि / नरेगा / जेटीए / 2010 / 59820 जयपुर, दिनांक : 07 DEC 2016

जिला कार्यक्रम समन्वयक, ईजीएस
एवं जिला कलक्टर
जिला समस्त, (चित्तौडगढ एवं उदयपुर के अतिरिक्त) राजस्थान

विषयः–महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत संविदा पर कनिष्ठ तकनीकी सहायक के रिक्त पदों को भरने के क्रम में

संदर्भः–विभाग के समसंख्यक पत्र दिनांक 07.09.2016, 27.09.2016, 11.11.2016 एवं 17.11.2016

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रों द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कनिष्ठ तकनीकी सहायक के पदों को संविदा पर पूर्ण पारदर्शिता के साथ भरने एवं अभ्यर्थियों के Selection/ Rejection का पर्याप्त आधार एवं चयन प्रक्रिया का पूर्ण रिकार्ड रखने के निर्देश दिये गये थे, परन्तु आप द्वारा कनिष्ठ तकनीकी सहायकों को संविदा पर आदिनांक तक नियोजित नहीं किया है, इस कारण शेष रिक्त पदों हेतु वित्त विभाग को पत्रावली पुनः नहीं भिजवायी जा सकी है।

कनिष्ठ तकनीकी सहायकों को रिक्त पदों पर नियोजित नहीं किये जाने के कारण ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित होती है। बार बार निर्देश दिये जाने के उपरान्त भी विभागीय निर्देशानुसार कार्यवाही नहीं किया जाना अत्यन्त खेदजनक है।

अतः तीन दिवस में कनिष्ठ तकनीकी सहायकों के नियोजन की कार्यवाही कर आवश्यक रूप से अवगत करवाने का श्रम करें।

भवदीय

7/12/16

(राजीव सिंह ठाकुर)
शासन सचिव, ग्रामीण विकास

प्रतिलिपिः–

1. अति.जिला कार्यक्रम समन्वयक, ईजीएस एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जिला समस्त राजस्थान (चित्तौडगढ एवं उदयपुर के अतिरिक्त)।

अतिरिक्त आयुक्त (प्रथम) ईजीएस